# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 10 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री


12 विधिक सेवा दिवस पर स्कूल व कालेजों...





12 क्षेत्र में धान की कटाई जोर-शोर से...




## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे व्यक्ति पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले शख्स पर सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि 8 नवंबर को मुखबीर से सूचना मिलने के बाद बस स्टैंड सांकरा में शराब सेवन कर रहे मुकेश यादव पिता सुदर्शन यादव (32 साल) पिपरौद के खिलाफ कार्रवाई की गई, साथ ही आरोपी के कब्जे से 1 नग देशी प्लेन शराब की खाली शीशी, डिस्पोजल गिलास जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बाइक को मारी टक्कर, शिक्षक घायल

**महासमुंद।** स्कूल जा रहे शिक्षक की बाइक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। सांकरा पुलिस को प्रार्थी दीपक साहू ने बताया कि वह ग्राम बुडेनी जिला धमतरी का निवासी है और वर्तमान में ग्राम पिरदा थाना बसना जिला महासमुंद के शासकीय स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। 5 अक्टूबर को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एचटी 8927 से स्कूल जा रहा था। शाम करीब 4.30 बजे एनएच 53 रोड ढाबाखार चौक के पास एक अज्ञात मोटर साइकिल के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर दिया, जिससे मुझे चोटें आई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# राजस्व संग्रह की बजाय अन्य कार्यों में झोंके जाने से कर वसूली प्रभावित

## जारी वित्तीय वर्ष में अब तक केवल 27 फीसदी हो पाया कर संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साल दर साल वसूली की पिछड़ती स्थिति के चलते पालिका के बकायादारों की संख्या के साथ बकाया राशि भी बड़ती ही जा रही है। वर्तमान वितीय वर्ष में 27 फीसदी ही टैक्स की वसूली हो पाई है। बता दें कि पालिका के अधिकतर कर्मचारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगाए जाने के कारण राजस्व वसूली प्रभावित हुई है। इसका प्रभाव केवल वसूली पर ही नही बल्कि शहर विकास में भी झलकने लगा है। पालिका सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर में चालू वर्ष में कुल बकाया 317.87 लाख है। इसमें 88.42 लाख रुपए की वसूली हो पाई है। संपत्तिकर चालू वर्ष में 80.79 लाख बकाया है। 10 लाख रुपए की वसूली हो पाई है। समेकित कर 55.94 लाख बकाया है और वसूली 4.61 लाख, जलकर 132.55 लाख रुपए बकाया और वसूली 18.84 लाख रुपए, दुकानों का किराया 12.91 लाख रुपए और वसूली 1.83, यूजर चार्ज 35 लाख रुपए बकाया और वसूली 8.95 लाख हुई है। टैक्स वसूली को पिछड़ने का कारण नगर पालिका के कर्मचारियों का निर्वाचन ड्यूटी में व्यस्त होना बताया जा रहा है।

कर्मचारी डोर टू डोर टैक्स की वसूली नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि, नगर पालिका शहर के लोगों से टैक्स भुगतान की जरूर अपील कर रही है। बावजूद लोग टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। पूर्व वर्षों का कुल बकाया 433.73 लाख रुपए है और वसूली 34.76 लाख वसूली हुई है। पुराना बकाया की 8 फीसदी ही वसूली हो पाई है। जानकारी के मुताबिक नगर पालिका बड़े बकायदारों को नोटिस देकर चुप हो जाती है। सख्ती नहीं बरतती है। शहर में बड़े व्यापारियों का लाखों रुपए बकाया है। अब टैक्स वसूली अभियान में निकाय चुनाव के बाद ही तेजी आने की उम्मीद है। नगर पालिका के सीएमओ विजय पांडे ने बताया कि लोगों को टैक्स का भुगतान करने के लिए अपील कर रहे हैं।

### विकास कार्यों पर भी दिख रहा असर

लगातार पांच-छह वर्षों से नगर पालिका कर वसूली में पिछड़ रही है। इसका असर नगर पालिका के विकास कार्यों पर भी पड़ सकता है। विभिन्न प्रकार के कर से होने वाली आय से ही शहर में विकास कार्य कराए जाते हैं। इसके अलावा कई कर्मचारियों को वेतन का भुगतान भी किया जाता है। टैक्स भुगतान समय पर नहीं होने से शहर का विकास कार्य भी ठप पड़े हुए हैं।





### डोर-टू-डोर वसूली चुनाव के बाद

घर-घर जाकर टैक्स वसूली व नल कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई नगरीय निकाय चुनाव के बाद ही होगी। नगर पालिका पहले से ही स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है। निर्वाचन कार्यों में ड्यूटी लगे होने से एक स्टाफ ही टैक्स भुगतान लेने के लिए वर्तमान में कार्य कर रहे हैं।

## कार्रवाई: फायर यूड इसराइली बबूल के कागजात पर खैर लकड़ी की तस्करी

# लाखों की खैर लकड़ी वन विभाग ने पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इमारती व खैर लकड़ी के तस्करी होने की शिकायत पर सरायपाली वन विभाग द्वारा लगातार सीमाओं व वन चौकियों में जांच के दौरान राजमार्ग पर सीमा पर स्थित बंजारी नाका में जांच के दौरान ओडिशा से आ रही एक ट्रक को जांच के लिए रोका गया। शंका के आधार पर ट्रक की जांच किए जाने पर वास्तविकता सामने आई। ट्रक चालक द्वारा बबूल लकड़ी का बिल बनवाकर ट्रक में खैर इमारती लकड़ी की तस्करी किया जाना पाया गया।

सरायपाली वन परिक्षेत्राधिकारी प्रत्यूष पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि बंजारी नाका में वाहन जांच के दौरान एक ट्रक 12 चक्का वाहन में अवैध रूप से खैर लकड़ी बलांगीर (ओडिसा) की ओर से आ रही वाहन कमांक जी.जे. 12 बी.जेड 1709 वाहन में जांच के दौरान वाहन को रोककर वन विभाग द्वारा वाहन चालक से पूछताछ की गई।

इस दौरान वाहन चालक द्वारा बताया गया कि उक्त खैर लकड़ी को बलांगीर (ओडिशा) से हरियाणा ले जा रहे हैं एवं वाहन मालिक का नाम नसीम खान बताया गया। चालक द्वारा वाहन से संबंधित कागजात दिखाया गया जिसमें फायर यूड इसरायली बबूल एंड बबूल 24.20 एम.टी.एस. कागजात में पाया गया।



उक्त कार्यवाही में खैर प्रजाति के लठ्ठा एवं एक 12 चक्का ट्रक वाहन कमांक जी.जे. 12 बी.जेड 1709 खैर लठ्ठा मय जप्त की गई, जिसका पी.ओ.आर. नं. 14383/01 9 नवंबर को जारी की गई है। जप्त वनोपज की कीमत एवं मात्रा वनोपज के गणना अभी की जा रही है। संभावना है कि इस लकड़ी की कीमत लाखों में होगी। वाहन ड्राइवर नाम मनोज यादव एवं हेल्पर अतुल यादव से पुछताछ कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा धारा 41, 42 के साथ धारा 76, छ.ग. अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 03, 04, 05, 14 एवं धारा 22 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में स.प.अ. सिंघोडा संतोष कुमार पैकरा, पुरुषोत्तम साव वन रक्षक और सुरक्षा श्रमिकों का योगदान रहा।



### भालू देखने लोगों की लगी भीड़

**महासमुंद।** बागबाहरा वन परिक्षेत्र में तेंदूकोना रेंज के मोगरापाली-सरायपाली के बीच मुख्य सड़क पार कर खेतों में भालू पहुंचे। जिसे देखने लोगों की भीड़ लगी रही। सूचना के बाद भी वन विभाग नदारद रहे।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# सहकारी समिति कर्मियों को शासन स्तर से नोटिस भेजे जाने की तैयारी

## 5 दिन बाद शुरु होनी है धान खरीदी, तैयारियां लगभग शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सहकारी समिति कर्मचारी संघ की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल का शनिवार को छठवां दिन रहा। अब इसका असर ग्रामीण इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। बता दें कि राशन दुकानों के प्रभावित होने से जहां लोगों को राशन मिलने में परेशानी पेश आ रही है वहीं शासन स्तर पर अब कर्मचारियों को नोटिस भेजे जाने की तैयारी है।





सूत्र बताते हैं कि आवश्यक सेवाएं एवं वस्तु अधिनियम के तहत राशन जैसी सुविधाओं को रोके जाने और जनता में इसके व्यापक प्रभाव को देखते हुए नोटिस दिए जाने की तैयारी है। बता दें कि हड़ताल के कारण रबी फसल के लिए ऋण वितरण, राशन वितरण और धान खरीदी के पूर्व की जाने वाली तैयारियां प्रभावित हैं। आगामी 14 नवंबर से शासन द्वारा धान खरीदी की घोषणा तो की गई हैं लेकिन समितियों में ताला लटक रहा है और तैयारियों ने नाम पर अब तक कि स्थिति तकरीबन शून्य है। विभिन्न काम-काज को लेकर समिति में पहुंचे किसानों को निराश लौटना पड़ रहा है।

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति के प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि प्रदान करने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर खरीदी नी खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते हुए आगामी वर्ष के लिए धान में 16.9 फीसदी सूखत मान्य करने की मांग की। जिले में लगभग 700 सहकारी समिति के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जिले में कुल 182 समिति और धान खरीदी केंद्र हैं। 182 समिति में 700 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। इधर, प्रदेशभर में कुल 13 हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं। 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने बताया कि सभी सहकारी समितियों में सोमवार से ताला लटके रहे। जब तक मांगें पूर्ण नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** दो पक्षों के बीच जमीन विवाद के चलते मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस को पहले पक्ष के फगेश्वर पोर्ते ने बताया कि मेरे पूर्वज से काबिज घास जमीन में ब्यारा है, और उसके कुछ भाग में मकान बनाया हूं, जो अधूरा है। 7 नवंबर को उक्त मकान में धान रखने के लिए सफाई करने गया तो देखा कि राधिका सिदार, उसका बेटा गौतम सिदार व बहू जमुना सिदार घर में थे, उनको घर में देख गांव के मुखिया लोगों के पास गया और इसके बाद गांव वाले आए देखकर चले गए। इस मामले को लेकर 8 नवंबर की सुबह गांव में मीटिंग रखा गया, मीटिंग में गौतम सिदार घर को नहीं छोडूंगा कहते हुए चला गया। उसके बाद प्रार्थी उसकी पत्नी उत्तरा पोर्ते, मां राजकुमारी पोर्ते ने जाकर और गौतम और उसके परिवार को मकान खाली करने कहते हुए उसका सामान को निकालने लगे। उसी समय राधिका सिदार व जमुना सिदार ने गालियां देते हुए और प्रार्थी की पत्नी और मां के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करना शुरू कर दिया। प्रार्थी ने बताया कि जब रिपोर्ट कराने थाने आ रहे थे उसी समय आरोपी गौतम सिदार, उसकी पत्नी जमुना तथा उसकी मां राधिका सिदार ने फिर गाली देना शुरू कर दिया, वहीं गौतम ईंट से मेरी पत्नी एवं मेरी मां को मारने लगा। वहीं दूसरे पक्ष के प्रार्थी गौतम सिदार ने पुलिस को बताया कि मेरे पूर्वज से काबिज घास जमीन में ब्यारा है, ब्यारा के कुछ भाग में फगेश्वर पोर्ते द्वारा जबरदस्ती मकान बना लिया गया है। 7 नवंबर को उक्त मकान में प्रार्थी अपनी पत्नी जमुना सिदार एवं मां राधिका सिदार के साथ चला गया था। 8 नवंबर को सुबह गांव में इस संबंध में मीटिंग रखा गया था। मीटिंग में गांव वाले दोनों पक्षों को उक्त जमीन शासकीय है कहकर छोड़ने बोले थे। इसके बाद आरोपी फागे उर्फ फगेश्वर पोर्ते, उत्तरा पोर्ते, राजकुमारी पोर्ते तीनों गये और सामान को बाहर निकालने लगे और राधिका एवं जमुना के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। प्रार्थी जब घटना के बारे में बताने के ले ग्राम सरपंच के पास जा रहा था तभी गांधी चौक में वे तीनों मिले और फगेश्वर पोर्ते ने ईंट से राधिका सिदार के सिर में मारकर चोट पहुंचाया तथा जमुना सिदार के साथ उत्तरा पोर्ते ने चप्पल से मारपीट किया। मामले में पुलिस ने दो पक्षों की रिपोर्ट पर क दूसरे के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।


## लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]

डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]

प्रवेश का अंतिम चरण
अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024



महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997

6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
8370077700, 7024125200

World Class Infrastructure | Best Sports Complex & Facilities | Hostel and Transport Facility | Highly Equipped Laboratories | Rich library with 5000 Books | Green and Hi-tech Campus | Qualified and Experienced Faculties | 108 beded Parent Hospital

निः शुल्क पंजीयन व परामर्श प्रपत्र हेतु स्कैन करें

LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY

JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES

www.leelasgroup.com


# आबकारी विभाग ने जब्त की 195.3 बल्क लीटर शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नीतीश कुमार कोष्टी के मार्गदर्शन में 9 नवंबर को आबकारी वृत्त बसना संयुक्त टीम में आबकारी सरायपाली, वृत्त बसना द्वारा ग्राम अंतरझोला, मुड़पाहर निवासी गोविंदा बाघ के कब्जे से 35 बल्क लीटर एवं राफेल निवासी रमेश मुखर्जी व रामप्रसाद के कब्जे से 120 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा बेंद्री नाला किनारे 39 बोरियों में महुआ लहान कुल 1950 किलो ग्राम जब्त कर आरोपी गोविंदा, रमेश मुखर्जी एवं रामप्रसाद के विरुद्ध धारा 34(1)क 34(2),59(क )आबकारी अधिनियम के तहत प्रकण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह 8 नवंबर को आबकारी वृत्त पिथौरा अंतर्गत ग्राम बरतुंगा के परसा मैदान के पीछे 16.6 बल्क लीटर महुआ शराब एवं चार देसी प्लेन पाव तथा एक पाव सीजी फाइन व्हिस्की मदिरा कुल 17.5 बल्क लीटर झाड़ियां के पीछे लावारिस अवस्था में बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। एनएच 53 के किनारे संचालित हमर ढाबा से 13 पाउच महुआ शराब व दो पाउच देशी प्लेन व 2 पाव सीजी फाइन व्हिस्की कुल 3.32 बल्क लीटर मदिरा जप्त कर ढाबा संचालक कमलेश के विरुद्ध धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। 9 नवंबर को भुरकोनी से नवागांव मार्ग भीखापाली निवासी मुकेश सोनी के कब्जे से 22 पाउच जेब्रा छाप ओडिशा निर्मित महुआ शराब कुल 4.4 बल्क लीटर तथा सुईनारा के पास फिरकी निवासी कुश कुमार के कब्जे से 18 पाउच हिरण छाप ओडिशा निर्मित महुआ शराब कुल 3.6 लीटर एवं पांच पाउच हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल 4.6 बल्क लीटर जब्त किया गया।



दोनों प्रकरण में आबकारी अधिनियम की धारा की धारा 34(1) (क), 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। वृत्त महासमुंद शहर अंतर्गत बस स्टैंड महासमुंद में संजय पत्रो के दुकान से खरीदी उपरांत 11 नग देशी प्लेन तथा हिच्छा पोटिया मोड़ जंगल महासमुंद में खरीदी पश्चात 10 पाव प्लेन मदिरा जब्त कर धारा 34(1) (ख )के तहत दो प्रकरण कायम कर कुल 6.48 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा जब्त किया गया। यह कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर, आबकारी उपनिरीक्षक दरश राम सोनी, हृदय कुमार तिरपुड़े, शिव शंकर, विकास बढ़ेंद्र, नितेश बेस आबकारी उप निरीक्षक आरक्षक संजय मरकाम, देवेश मांझी, राजकिशोर पांडे एवं समस्त आबकारी स्टॉफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रायवेट प्रेक्टिस पर आईएमए ने दिया सुझाव

**रायपुर।** सरकारी अस्पतालों के प्रायवेट प्रेक्टिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, महासचिव दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित विभागीय अधिकारियों को सुझाव प्रेषित किया है जिसमें चिकित्सकों को आकर्षित करने के लिए शासकीय सेवा शर्तों में आवश्यक सुधार की आवश्यकता बताई है। इसके अलावा निजी प्रेक्टिस को पर बंदिश के नियम का फिर से आंकलन करने की मांग की है।

### निगम आयुक्त ने लिया सौंदर्यीकरण की प्रगति का जायजा

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को जीई मार्ग साइंस कॉलेज के समीप से गोल चौक तक प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्य सहित वीआईपी रोड, फुण्डहर चौक, केनाल लिंकिंग रोड, विधानसभा मार्ग समेत विभिन्न प्रमुख मार्गों में निर्माण कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली एवं उन्हें मार्ग सौंदर्यीकरण शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जीई रोड एवं साइंस कॉलेज के समीप से गोल चौक रोहिणीपुरम तक कराए जा रहे मार्ग सौंदर्यीकरण एवं सुंदर आर्ट वर्क के कार्य की जानकारी लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने कहा है।

### आयुष्मान और न्यूरो की ओटी में हो रहे आगजनी के शिकार ट्रामा के मरीजों के ऑपरेशन

**रायपुर।** आगजनी का शिकार हुई आंबेडकर अस्पताल की न्यू ट्रामा यूनिट के ऑपरेशन थियेटर को तैयार होने तक वहां होने वाला ऑपरेशन आयुष्मान और न्यूरो सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थियेटर में पूरी की जाएगी। इधर आगजनी की घटना की जांच के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट डीन डॉ. विवेक चौधरी को सौंप दी है। रिपोर्ट में प्राप्त सुझाव के आधार पर सुधार कार्य पूरा किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा यूनिट-2 वार्ड के एसी कंप्रेसर में विस्फोट की वजह से लगी आग और फैले धुएं ने वहां के एक ऑपरेशन थियेटर को पूरी तरह खराब कर दिया था। घटना के दौरान डाक्टरों की सूझबूझ और स्टाफ की सक्रियता के कारण बड़ा हादसा टल गया था।

# स्काउट-गाइड कैंप के तृतीय दिवस महाशिविर ज्वाल का आयोजन

## मुख्य अतिथि विनोद सेवनलाल चंद्राकर की घोषणा के साथ महाशिविर ज्वाल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स विकासखंड स्तरीय चार दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर चंडी मंदिर प्रांगण बिरकोनी में आयोजित है। प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस संध्या महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद सेवन लाल चंद्राकर पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त एवं पूर्व संसदीय सचिव, अध्यक्षता येत राम साहू जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथिगण दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, कौशलेंद्र वैष्णव ब्लाक अध्यक्ष स्थानीय संघ, जिला उपाध्यक्षगण जय पवार, एस चंद्रसेन, सुधा साहू, ब्लाक उपाध्यक्षगण तारा चंद्राकर, सीता डोंडेकर, ताम्रध्वज निषाद सरपंच बिरकोनी, हीरा बंजारे, नुकेश चंद्राकर, कमल लूनिया, सरिता तिवारी, सुजाता विश्वनाथन, मंजू साहू, संजय शर्मा सभी को स्कार्फ से स्वागत के साथ जनरल सेल्यूट से सामूहिक अभिवादन कर अतिथियों को महाशिविर ज्वाल के लिए आमंत्रित किया गया। जहां मुख्य अतिथि विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने महाशिविर ज्वाल की विधिवत शुरुआत की घोषणा के साथ शिविर ज्वाल गीत सामूहिक गान से हुआ।

ततपश्चात शिविर संचालक तुलेंद्र सागर द्वारा सभी अतिथियों का शिविर की ओर से स्वागत करते हुए शिविर प्रतिवेदन वाचन कर शिविर की गतिविधि से अतिथियों को अवगत कराया गया। साथ ही स्कॉउट गाइड भी अपने शिविर अनुभव को अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किए। साथ में जो प्रशिक्षण में सीखे हैं जिसमें पैर से चोट लगने पर सहारा देकर सहायता, पानी में डूबते हुए को रस्सी की सहायता से बाहर निकालना, कृत्रिम स्वास देना, स्कार्फ से , रस्सी से, चादर से, बेल्ट से स्ट्रेचर बनाकर घायल की सहायता करना, बाकेट विधि से आग बुझाना आदि का प्रदर्शन किया गया। पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में गाइड विंग



से गुलाब टोली कर्मा नृत्य, मोंगरा टोली आदिवासी नृत्य, गेंदा टोली सुआ, सेवंती व चम्पा टोली ने छतीसगढ़ी गीत नृत्य, एवं स्काउट विंग से सिंह टोली पंथी, हाथी टोली देशभक्ति नृत्य, भालू टोली राउत नाचा प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। उद्बोधन की कड़ी में जिला उपाध्यक्ष एस चंद्रसेन ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना जरूरी है, जो अनुशासित होते हैं उन्हें ही जीवन शीघ्र सफलता मितली है। शिविर के सभी बच्चे अनुशासित होकर यहां जो भी सिख रहे हैं उसे अपने जीवन में उतारिए। साथ ही अपने सहपाठियों को भी प्रेरित करें। दाऊलाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में बताया कि पूर्व के अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में जंबूरी, राज्यपाल टेस्टिंग कैंप या हाइकिंग में सहभगिता के लिए जिला से अधिक से अधिक बच्चों की सहभगिता कराने हमें पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त विनोद चंद्राकर द्वारा कोटा मिल जाता था। आज भी हम सभी मिलकर कोशिश करेंगे, अधिक बच्चों की सहभागिता कराएंगे। साथ ही अधिक से अधिक शिक्षकों को भी प्रशिक्षित कराएंगे। मुख्य अतिथि विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में अपने विद्यार्थी जीवन में स्कॉउटिंग जीवन के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि स्कॉउट खोजी होते हैं, साहसी होते हैं, ईमानदार होते हैं, निडर होते हैं। साथ ही नवीन जानकारियों को संग्रह भी करते हैं। यह सभी बातें जीवन में आगे चलकर बहुत कम आते हैं इन्ही सब का सार होता है। सफल होना है तो इन बातों को अपने में लागू करना होगा। अध्यक्षीय उदबोधन में येतराम साहू ने कहा कि पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर से महासमुंद जिला के स्काउट गाइड व स्काउटर गाइडर को भरपूर सहयोग मिला है। आगे भी आपके सहयोग से जिला के स्काउट गाइड को अधिक से अधिक राज्यपाल, राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए तैयार कराने में जिला टीम तत्पर है। इसके लिए हम अधिक से शिक्षकों को भी प्रशिक्षित कराने का प्रयास करेंगे। शिविर आयोजक ब्लाक अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव द्वारा सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्काउटर सुरेंद्र मानिकपुरी ने किया। इस महाशिविर ज्वाल में प्रशिक्षक मंडल में तुलेंद्र सागर, रामकुमार साहू, प्रमोद कुमार कन्नौजे, लीनु चंद्राकर, लता वैष्णव, चंद्रकांता ठाकुर, हीरेंद्र साहू, मुरलीधर पटेल, अजय तांडी के साथ प्रभारी शिक्षक वेदराम रात्रे, नरेश विश्वकर्मा, सूरज चंद्राकर, यशवंत धृतलहरे, चंद्र प्रकाश चंद्राकर ,कमलेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, दामिनी वैष्णव, मंजू साहू, जितेंद्र चक्रधारी, मिथलेश साहू, नमिता ध्रुवंशी, रानू जोशी, कोमल साहू, तारुण कुमार साहू, मुकेश प्रधान, गायत्री सेन, टिकेश्वरी चंद्राकर, रितेश जोशी, महेश ध्रुव, मधुमति डहरिया मौजूद रहे।

# जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को अंग्रेजों ने तथ्य व सत्य से परे जाकर विलुप्त करने का कुचक्र रचा : पुरोहित


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आरण्यक, ग्राम्य और नगरीय जीवन

- मुख्य अतिथि दीवान ने जनजातीय समाज की जागरुकता और विशिष्ट अतिथि अमरीका ने शिक्षित जनजातीय समाज पर दिया बल
- बागबाहरा के खे.ल. महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर हुई व्याख्यानमाला, विविध स्पर्धाओं से कार्यक्रम को संवारा गया

शैलियों को एक सूत्र में पिरोने वाली भारतीय संस्कृति का सांस्कृतिक प्रतिनिधित्वकर्ता भारत का जनजातीय समाज ही है, जिसका अपना एक गौरवशाली इतिहास और सामाजिक संगठन है, जिसकी समृद्ध परंपराएं और गहरी आध्यात्मिक चेतना हमें उनसे बहुत कुछ सीखने के लिए प्रेरित करती है। भारत के इतिहास में जनजातीय समाज के उल्लेखनीय योगदान को अंग्रेजों ने षड्यंत्रपूर्वक विलुप्त किया और जनजातीय समाज को पिछड़ा, गरीब और हाशिए पर पड़ा समाज बताया। स्थानीय शासकीय खे.ल. महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस के निमित्त शुक्रवार को जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर आहूत व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता की आसंदी से वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुरोहित ने उक्त विचार व्यक्त किए।

पत्रकार पुरोहित ने अपने संबोधन में जनजातीय समाज के प्रति भारत में व्याप्त मिथ्या धारणाओं को समाप्त करने की जरूरत पर बल देते हुए कि भारतीय संस्कृति और सीमाओं के अतिक्रमण के इरादे से आए मुगल आक्रांताओं और बाद में ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ सतत संघर्ष जनजातीय समाज का गौरवशाली अध्याय है, जिसे अंग्रेजों ने अपने झूठ और तथ्य व सत्य से परे जाकर केवल इसलिए विलुप्त करने का कुचक्र रचा, क्योंकि अंग्रेजी सत्ता को सबसे अधिक चुनौती तब भारत के वन्य क्षेत्रों से ही मिली थी, जिससे ब्रितानी हुक्मरानों का अहं चोटिल हुआ था। पुंजा भील, रानी दुर्गावती, तिलका मांझी, बुद्धु भगत, भीमा नायक से लेकर भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह, गुंडाधुर आदि जनजातीय समाज के हुतात्मा बलिदानियों की चर्चा करते हुए पुरोहित ने जनजातीय समाज के



सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक विषयों के साथ ही उनकी समृद्ध ज्ञान-परंपरा पर भी प्रकाश डाला। पुरोहित ने कहा कि जनजाति समाज पुरातन काल से प्रकृति पूजक रहा है। स्त्री-पुरुष में समानता का भाव जनजाति समाज की समृद्ध संस्कृति का हिस्सा है। आज नई पीढ़ी को उस परंपरा और ज्ञान से अवगत कराने की आवश्यकता है। जनजातीय समाज के प्रति व्याप्त विकृत धारणाओं को खत्म करना और जनजातीय समाज के समूचे गौरवशाली इतिहास का अध्ययन व अध्यापन आज समय की मांग है। व्याखायानमाला के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत के सभापति धरम दीवान ने कहा कि आज जनजातीय समाज को जागरूक होने की अत्यंत आवश्यकता है। क्योंकि, पुरातनकाल से जमीन, जंगल सभी जनजातियों का रहा है। लेकिन, जागरुकता के अभाव में अब यह कम होता जा रहा है। अतः सभी पढ़-लिखकर अपना अधिकार जानें। विशिष्ट अतिथि जुनवानी की सरपंच अमरीका ध्रुव ने कहा कि हम आदिवासी शिक्षित होंगे तो समाज शिक्षित होगा। जब समाज शिक्षित होगा तो जनजातीय समाज में जागरूकता आएगी और समाज का विकास हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य बीएस ठाकुर ने कहा कि यह दिन जनजाति समुदाय के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान और उनके प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए समर्पित है। महारानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर आहूत इस कार्यक्रम का शुभारंभ रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा, वीर गुंडाधुर, वीर नारायण सिंह, दयावती कंवर के चित्र में धूपदीप, पुष्प अर्पण से हुआ। कार्यशाला के उद्देश्य पर व्याख्यानमाला के सह-संयोजक क्रीड़ाधिकारी पालन कुमार दीवान ने प्रकाश डाला।

**अनेक प्रतियोगिता भी हुई, विजेताओं को किया पुरस्कृत**

कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समाज से संबंधित रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन, फैंसी ड्रेस, ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा जनजाति वेशभूषा, कला, संस्कृति, वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी भी रखी गई थी, जिसे काफी सराहना मिली। देशभर के जनजातीय समुदाय के क्रांतिकारियों की शौर्यगाथा के पोस्टर भी लगाए गए थे।

कार्यशाला का संचालन व्याख्यानमाला के संयोजक सहायक प्राध्यापक गजानंद बुडेक एवं आभार प्रदर्शन प्रयोगशाला तकनीशियन नीलमणी साहू ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने में प्राध्यापक शिवगोपाल रात्रे, धनुर्जय साहू, खिलावन पटेल, कोमल सोनवानी, कल्याणी नाग, नितिशा बजाज, सौरभ जैन, प्रमुख ग्रंथपाल डॉ .लक्ष्मण सिंह साहू के साथ छात्रों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# नपाध्यक्ष राशि ने रायपुर विस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में किया धुआंधार प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन

- मतदाताओं से मिले समर्थन से दिख रहा परिवर्तन का संकेत

महिलांग ने शनिवार को अपने कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में धुआंधार प्रचार किया। श्रीमती महिलांग ने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस ने क्षेत्र से इस बार युवा चेहरे के रूप में आकाश शर्मा को प्रत्याशी बनाया है, आप अपना बहुमूल्य वोट देकर कांग्रेस प्रत्याशी श्री शर्मा को जिताएं।

श्रीमती महिलांग ने कहा कि भाजपा सरकार के महज 10 माह के कार्यकाल में प्रदेश में विकास की गति की रफ्तार थम सी गई है। कांग्रेस सरकार में शुरू की गई कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को सरकार ने बंद कर दिया। श्रीमती महिलांग ने प्रचार के दौरान क्षेत्र की जनता से मिले समर्थन को लेकर कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार परिवर्तन के मूड में है। प्रचार के दौरान श्रीमती महिलांग के साथ कशिश चंद्राकर, भागवत सोनकर, नरेश निषाद, नीरज परोहा, अमन चंद्राकर, अरिश अनवर, लता कैलाश चंद्राकर, भूमिका ध्रुव, विवेक चंद्राकर, युवराज साहू, उदय सिन्हा, प्रकाश सेन, रोहित गुरुदत्ता, लक्की चंद्राकर, सती चंद्राकर शामिल रहें।

# पिरदा सहकारी समिति में करोड़ों का घोटाला

## तीन साल बाद पुलिस ने किया अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के पिथौरा ब्लॉक अंतर्गत पिरदा सहकारी समिति में धान खरीदी में अनियमितता, बारदाना की हेराफेरी को लेकर सात लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

बता दें कि सहकारी समिति पिरदा में खरीदी की गई धान, बारदाना का रख-रखाव में 4 करोड़ 44 लाख 65 हजार 510 रुपए की गड़बड़ी को लेकर बसना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। परंतु, आरोपियों के नाम को उजागर करने में परहेज कर रही है। सहकारी समिति में धान खरीदी में 17210 क्विंटल धान का स्टाक कम मिला था। साथ ही 65467 बोरियां कम पाई गई थीं। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ तकरीबन 3 वर्षों बाद धारा 156,3 के तहत मामला दर्ज किया है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### ऑडिटर की जांच में हुआ खुलासा

दरअसल यह मामला 2020-21 का है। धान बोरों का रख-रखाव, बारदाना के हिसाब किताब में भारी गड़बड़ी सामने आया है। जिला विपणन अधिकारी द्वारा नियुक्त तत्कालीन सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा अफरातफरी की गई। अफरातफरी की शिकायत पर जिला विपणन अधिकारी ने दो ऑडिटर्स को जांच की जिम्मेदारी सौंपी। ऑडिटर्स की जांच में यह पाया गया कि पिरदा सहकारी समिति में सन 2021 में कुल 68539.20 क्विंटल धान खरीदी की गई थी। जिसमें 17210 क्विंटल धान की कमी पाई गई थी। उस वक्त राज्य सरकार 2500 रुपए समर्थन मूल्य पर प्रति क्विंटल धान खरीद रही थी। लिहाजा, धान खरीदी, रख-रखाव और परिवहन में ही 43026800 रुपए की अनियमितता बरती गई। वहीं समिति में जांच के दौरान 65467 बारदाना की कमी पाई गई। उस बारदाने की कीमत 1438467 रुपए है। धान खरीदी और बारदाना मिलाकर 44465510 रुपए की हेराफेरी की गई।

### न्यायालय में दायर करना पड़ा परिवाद

वर्तमान समिति प्रबंधक ने मीडिया को बताया कि 03 जून 2023 को एफआईआर दर्ज किए जाने के लिए पुलिस को शिकायत की गई थी। परंतु, बसना पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार से कार्रवाई नहीं करने पर परिवाद दायर करना पड़ा। सुनवाई के बाद न्यायालय ने विगत 20 मार्च को इस मामले में संबंधित आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किए जाने आदेशित किया है। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बसना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 156, 3 के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। एफआईआर की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गए हैं, लेकिन सात माह बीत जाने के बाद भी बसना पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है।

# ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पिछले रबी सीजन में हुई ओलावृष्टि से रोहिना, कापूडीह, दुर्गापाली क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था, जिसकी मुआवजा राशि अब तक नहीं मिल पाई है। ग्राम रोहिना के किसानों ने 6 नवंबर को कलेक्टर से मुआवजा राशि तत्काल दिए जाने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं और मूंग फसल को काफी नुकसान पहुंचा। ओलावृष्टि का प्रकोप रोहिना के आसपास के गांव में ज्यादा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन भी करवाया गया तथा हल्का पटवारी द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में 16.04. 2024 को जमा किया गया है। राजस्व विभाग का कहना है कि मुआवजा राशि के लिए एक करोड रुपए आबंटन की मांग की गई है। राहत शाखा से मिली जानकारी के अनुसार 5 नवंबर को ही तहसील कार्यालय बसना को एक करोड़ रुपए का आवंटन भेज दिया गया है। तहसीलदार बसना को मुआवजा राशि शीघ्र वितरण




के निर्देश दिए गए हैं। पिछले 20 मार्च को रोहिना क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई। जिसके चलते रबी फसल बर्बाद हो गई। जिन किसानों ने गेहूं, मूंग, उड़द आदि फसल लिए थे उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। ओलावृष्टि से रोहिना, कापूडीह, दुर्गापाली, सागरपाली, बिजराभांठा, बिरसिंगपाली, बुधुडोंगर आदि गांव में व्यापक रूप से क्षति हुई है। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े-बड़े ओले गिरते हुए देखा था। आधे घंटे की ओलावृष्टि से लहलहाती फसल चौपट हो गई। किसानों की मांग पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया है। हल्का पटवारी ने बताया कि ग्राम रोहिना के 98 किसानों का करीब 111 हेक्टेयर रबी फसल मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसीलदार बसना के पास जमा कर दिया गया है। कृषक बसंत नायक, दिवाकर साहू, विजय साहू, वीरेंद्र सेठ, चूड़ामणी साहू, गिरधारी, भगवानो बेहरा, रूपानंद साहू, ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच जज्ञसिनी साहू आदि ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है।

### एक करोड़ मुआवजा राशि की मांग

तहसील कार्यालय बसना से मिली जानकारी के अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत रबी फसल क्षति की मुआवजा राशि वितरण करने के लिए बजट आवंटन उपलब्ध कराने संबंधी पत्र 19 जुलाई 2024 को कलेक्टर महासमुंद राहत शाखा को प्रेषित किया गया है। पत्र में बताया गया है कि तहसील बसना अंतर्गत बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से हुई क्षति के लिए करीब 1 करोड़ राशि की मांग की गई है। ओलावृष्टि में बसना ब्लॉक के अंतर्गत करीब 244 किसानों के करीब 296 हेक्टेयर में लगी रबी फसल खराब होने की जानकारी दी गई है। तहसील बसना को आबंटन राशि भेज दी गई है। आवंटन राशि प्राप्त होने के कारण किसानों को मुआवजा राशि शीघ्र मिलने की उम्मीद है। यह ज्ञातव्य हो कि मुआवजा राशि वितरण में हो रही विलंब को लेकर सरायपाली विधायक चातुरी नंद विधानसभा में मामले को रख चुकी है।

# एडवांस कार्डियक लाइन स्पोर्ट पर कार्यशाला

**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिक्रत्सिा महाविद्यालय, रायपुर के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन मेडिकल कॉलेज के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में किया जा रहा है। गुरुवार से प्रारंभ हुई इस कार्यशाला में राज्य के विभिन्न हिस्सों से चिकित्सा छात्र भाग ले रहे हैं। छात्रों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी जा रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा संचालित एवं प्रमाणित इस कोर्स का उद्देश्य कार्डियक अरेस्ट एवं अन्य आपात स्थिति में मरीज को वक्त पर उपयुक्त सेवा प्रदान करना है। दूसरे दिन प्रशिक्षक डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने दिल का दौरा और लकवे के लक्षण को जल्दी पहचान कर उपयुक्त समय में इलाज करने का प्रशिक्षण छात्रों को दिया। इसके अलावा प्रशिक्षण देने के लिए श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस से डॉ. अनीषा नागरिया, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर से इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. बालाजी, गुजरात से डॉ. जनक खम्बोल्झा और एम्स जोधपुर से डॉ. भारती झा आयी हुई हैं।

# दुर्ग, झारखंड के तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने झारखंड सहित दुर्ग के तीन तस्करों के कब्जे से तीन किलो नौ सौ ग्राम अफीम जब्त की है। जब्त अफीम की कीमत 22 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर अफीम तस्करों को कमल विहार के पास से गिरफ्तार किया है। कमल विहार के पास झारखंड के तस्कर अफीम की डिलीवरी देने आए थे, तब पुलिस ने तस्करों को घेराबंदी कर पकड़ा।

पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के मुताबिक अफीम तस्करी करने के आरोप में झारखंड, गुमला निवासी मोहम्मद जासिद मिर, लेव मिंज तथा दुर्ग, जामुल निवासी जसवंत सिंह को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर पुलिस की पकड़ से बचने गुरुवार देर शाम अफीम की डिलीवरी देने के लिए आए थे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जसवंत सिंह लंबे अरसे से मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने का काम कर रहा है। पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल तथा पंजाब के रास्ते मादक पदार्थ मंगाकर बेचने का काम कर रहा था।



### ट्रक चालकों को खपाने के लिए मंगाया था

पुलिस के अनुसार जसवंत अफीम को ट्रक चालकों को खपाने के लिए मंगाया था। पुलिस के अनुसार जसवंत पूर्व में ढाबा संचालन करने का काम करता था। ढाबा संचालित करने के दौरान जसवंत का मुंबई-हावड़ा मार्ग में चलने वाले ट्रक ड्राइवरों से अच्छी पहचान थी। इसी बात का फायदा उठाकर जसवंत ट्रक ड्राइवरों को अफीम खपाने का काम करता था। पुलिस जसवंत के मादक पदार्थ मंगाने के लिंक के बारे में पड़ताल करने की बात कह रही है।

# लकड़ी गोदाम में आग लगने से हड़कंप फायर ब्रिगेड को करनी पड़ी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात फाफाडीह स्थित एक लकड़ी गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी तह कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। आक पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की टीम को सात घंटे से ज्यादा समय तक मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह अब तक अज्ञात है।



पुलिस के मुताबिक फाफाडीह स्थित गली नंबर एक में आग लगने की घटना हुई है। गोदाम के अंदर लकड़ी रखी हुई थी। गोदाम गली के अंदर होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी अंदर नहीं घुस पाई। फायर ब्रिगेड की टीम गली के बाहर गाड़ी खड़ी कर पाइप के माध्यम से आग पर काबू पाया। आग की वजह से गोदाम का शेड नीचे गिर गया। इसके चलते आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग पर काबू पाने सात से आठ गाड़ियों की मदद ली गई। सुबह सात बजे के करीब आग पर काबू पाया जा सका। जहां आग लगी थी, वह किसी चांडक वकील का गोदाम बताया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### भलेसर में खाटू श्याम का जन्मोत्सव 12 को

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर में खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव पर निशान यात्रा, सिंगर पूजा एवं भजन संध्या का कार्यक्रम 12 नवंबर को होगा। कार्यक्रम के तहत श्याम की पूजा निशान यात्रा 3 बजे, श्याम का सिंगर पूजा शाम 6 बजे, भजन संध्या रात्रि 8 बजे से हनुमान मंदिर साहड़ा चौक भलेसर में होगी। भजन संध्या में मधुसूदन अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल रायपुर द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। श्याम सेवा परिवार भलेसर एवं ग्रामवासियों ने लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



### खरोरा में मनाया गया गोपाष्टमी का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गोपाष्टमी पर्व पर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मंजू चंद्राकर, बाती विश्वकर्मा, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गोपा त्योहार पूरे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान कृष्ण ने पहली बार गायों को चराना शुरू किया था, जिससे यह तिथि गोपाष्टमी पर्व के रूप से मनाया जाता है। श्रीमद्भागवत के अनुसार श्रीकृष्ण गायों के प्रति विशेष स्नेह रखते थे और उनके साथ खेलते थे। इस साल गोपाष्टमी का पर्व 9 नवंबर को मनाया गया।

### हायर एजुकेशन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 तक

**महासमुंद।** शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिव्यांगजन केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना में प्री-मैट्रिक (कक्षा 9वीं और 10वीं), पोस्ट-मैट्रिक (कक्षा 11वीं और 12वीं), और टॉप क्लास हायर एजुकेशन (आईटीआई, पॉलीटेक्निक, स्नातक चिकित्सा, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक पाठ्यक्रम, स्नातक और पीएचडी) के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने दी।



### मोंगरा में अनेक निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मोंगरा में जनपद पंचायत विकास निधि से सेन भवन में आहाता निर्माण, कोटवार पारा में रंगमंच और पुरानी बस्ती गौरा चौक में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके लिए कुल 7.40 लाख रुपए की स्वीकृति हुई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य नीता तुलाराम साहू, सरपंच सरिता रिखी राम साहू, उपसरपंच योगेश्वर साहू एवं पंचगण सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम जबलपुर में एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। 8 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम जबलपुर में महुआ शराब की बिक्री कर रहे धनीराम कुम्हार पिता तुलसी कुम्हार (60 साल) के कब्जे से 15 नग प्लास्टिक पाउच में भरी हुई कुल 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

---

**आयोजन : चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता भी हुई**

# विधिक सेवा दिवस पर स्कूल व कालेजों में हुआ विधिक जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित होने वाले शिविर व कार्यक्रम के तहत विधिक सेवा दिवस पर विभिन्न स्कूलों में न्यायाधीशों द्वारा शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जिला सहित तहसील मुख्यालयों के न्यायाधीशों द्वारा स्कूल-कालेजों में जाकर विधिक जागरुकता पर आधारित जानकारी एवं विभिन्न स्पर्धाएं जैसे चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया तथा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

इसी तारतम्य में शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा उपस्थित छात्रों को विधिक सेवा संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि



भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करें, समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गों को सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियत पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोंगो को निःशुल्क कानूनी सेवाए प्रदान कराना होता है। इसके अलावा शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्वेता मिश्रा और एलएडीसीएस के अधिवक्ता रीना द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित होने वाले अपराधों, पॉक्सो एक्ट तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों एवं दिए जाने वाली विधिक सहायता के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। इसी प्रकार तालुका न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा ग्राम तिलजनपुर, सरायपाली के बानीगिरोला एवं बैदपाली, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महासमुंद में शिविर आयोजित किया गया। शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उमावि में आयोजित प्रतियोगिता में निबंध लेखन में प्रथम शिवानी साहू, द्वितीय अंजु चौहान, भाषण प्रतियोगिता में जागृति कुर्रे, डामेश्वरी, पोस्टर प्रतियोगिता में देविका, दिव्या, इसी तरह रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम देविका तथा द्वितीय स्थान खुशी कुर्रे रही। विजयी प्रतिभागियों को प्राधिकरण द्वारा पुरस्कृत किया गया।

---

# विधायक संपत ने बनवारी गौशाला में किया गौमाता पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

केंदुढार स्थित बनवारी गौशाला में गोपाष्टमी पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने गौमाता की पूजा अर्चना कर फल खिलाए तथा सभी की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान गौशाला संचालकों ने विधायक डॉ संपत अग्रवाल को गौमाता की मूर्ति व मोमेंटो से सम्मानित किया।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सभी को गोपाष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाता है। गोपाष्टमी पर्व पर भगवान कृष्ण और गायों की पूजा होती है। मान्यता है कि गोपाष्टमी पर गौमाता की पूजा व उपासना करने से 33 कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है और घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। गौमाता को हमारी सनातन संस्कृति में धन और समृद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है, और जो लोग अपनी पहली रोटी गौमाता को अर्पित करते हैं, उनके घर में हमेंशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। गोपाष्टमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना से नवग्रह दोष और धन संकट जैसी समस्याएं दूर होती हैं। गौमाता का दूध पोषक तत्वों से भरपूर होता है, और उनके गोबर व मूत्र से कई औषधियों का निर्माण भी होता है। मान्यता है कि गौमाता के गोबर की धूनी से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है, और घर में वास्तु दोष भी दूर होते हैं। गोपाष्टमी पर गौमाता की सेवा और पूजन से जीवन में शुभता और बरकत बनी रहती है। इस अवसर पर दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर राजीव लोचन महाराज, महंत लखनमुनि साहेब, स्वामी सुमेधानंद ऋषि राज, महंत रामप्रसाद साहेब, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, बनवारी गौशाला संचालक विजय अग्रवाल, महंत देवराज महाराज, नगर पालिका सरायपाली अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, प्रवीण अग्रवाल, जयंती अग्रवाल, सोनू श्रीवास्तव, मदनलाल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, रंजना देवी अग्रवाल, वीणा देवी अग्रवाल, स्वर्ण सिंह सलूजा, संजय शर्मा, बिहारी अग्रवाल, गोकुलानंद प्रधान आदि मौजूद रहे।

---

# धान खरीदी कर्मचारी संघ की वाजिब बातें तत्काल माने सरकार : अंकित

## किसानों की धान खरीदी में देरी होगी तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के किसान नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान डबल इंजन की भाजपा सरकार वैसे भी धान खरीदी की तारीख 14 नवंबर से कर देर की है और ऊपर से धान खरीदी कर्मचारी संघ की वाजिब मांगों पर तत्काल निर्णय ले। ताकि, उनके घोषित समय पर धान खरीदी शुरू हो सके। सहकारी समितियों में यह हड़ताल होने के कारण धान खरीदी का काम प्रभावित होगा और इसका पूरा खामियाजा प्रदेश के अन्नदाता किसानों को उठाना पड़ेगा। आपकी सरकार को इस बात पर कतई क्षोभ नहीं होना भी हैरतभरा है, यह स्थिति घोर संवेदनहींनता की परिचायक है। इन्हीं समिति की मांग पर प्रदेश



अध्यक्ष भाजपा रहते हुए विष्णुदेव साय ने 09 नवंबर 2021 को उस समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र भी लिखा था। लेकिन, यह अफसोस की बात है कि प्रदेश सरकार में अब स्वयं मुखिया होने के बाद भी उनकी मांगों और समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई सार्थक पहल अब तक नहीं की और अब धान खरीदी के ऐन पहले संघ को फिर आंदोलन कर प्रदेश सरकार तक अपनी बात पहुंचानी पड़ रही है। कांग्रेस की किसान भूपेश बघेल की सरकार ने कोरोना की विभीषिका से उपजे संकट को ध्यान में रख परिवहन में हुई देरी को स्वीकारते हुए सरकार ने शेष समितियों में स्टॉक धान पर 3 प्रतिशत सूखत देकर राहत पहुंचाई थी। अंकित ने कहा कि धान में सूखत की मांग कर्मचारियों की व्यक्तिगत हित की मांग नहीं है। अंकित ने कहा कि एक तरफ साय सरकार ने धान खरीदी को 1 नवंबर के बजाय 14 नवंबर से नमी से बचने की और उसी नमी पर सूखत की मांग को लेकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ के कर्मचारियों हड़ताल पर है। अंकित ने संघ की मांग को दोहराते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रत्येक समिति को पांच-पांच लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान, सेवा नियम में संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान व सूखत मान्य करने जैसी वाजिब मांगों के पक्ष में तत्काल साय सरकार को निर्णय लेना चाहिए। अंकित ने कर्मचारी संघ से कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी हड़ताली कर्मचारियों के साथ है।

---

## क्षेत्र में धान की कटाई जोर-शोर से...



**नर्रा।** क्षेत्र में इन दिनों खरीफ फसल धान की कटाई जारी है। बता दें कि ज्यादातर किसान हार्वेस्टर मशीन से कटाई, छोटे किसान हंसिया से कटाई कर खेतों पर ही थ्रेसर से धान की मिंजाई कर घर में धान को एकत्रित कर रखा है। इधर, राज्य सरकार द्वारा इस बार समर्थन मूल्य पर सोसायटियों में धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरुआत की जा रही है। किसान अपने उपज को विक्रय करने के लिए बेसब्री से इंतजार में है।

---

### छोटेटेमरी विद्यालय में छात्रों ने किया कलाकृति का प्रदर्शन



**बसना।** बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी संकुल केंद्र बड़ेटेमरी में कक्षा पहली से पांचवीं के छात्रों ने कागज से टोपी, कमलफूल, पतंग, पर्स, गेंद, कागज की कश्ती एवं मिट्टी से गुड़िया, मोर, ओखली, गोला, कंचा, आम, सेब, मिर्ची, बैगन, टमाटर, कबूतर, बतख, बैल, गमला, ढक्कन, गुड़िया, मिट्टी का घर, उल्लू आदि बनाए गए। वहीं पुट्ठा से घर, टोकरी, चांद, तारा, बॉक्स आदि बहुत ही सुंदर और आकर्षक कलाकृति बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृति प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय की शिक्षिका प्रीतम पटेल, तंजू साव ने कलाकृति बनाने में छात्रों का मार्गदर्शन प्रदान किया। बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्रीविशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, बड़ेटेमरी संकुल समन्वयक वारिश कुमार, नोडल प्राचार्य शरद कुमार प्रधान, एसएमसी सदस्यों और पालकों ने हर्ष जताया है।

---

# भगवत प्रसादी का अपमान करने से व्यक्ति हो जाता है श्रीविहीनः मिथिलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वार्ड नंबर 1 शंकर नगर कृपा डेयरी के पास चल रहे श्रीमद् भागवत कथा पुराण में भगवान वामन अवतार की कथा का बखान करते हुए व्यासपीठ से भागवताचार्य डूमरपाली वाले पं. मिथिलेश तिवारी ने कहा कि भगवान पर चढ़े हुए माला, प्रसाद, फूल का कभी भी अपमान नहीं करना चाहिए। प्रसादी पैर में पड़ने से व्यक्ति श्री (लक्ष्मी) विहीन हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्रभु नारायण से दुर्वासा ऋषि को प्रसाद में माला मिली थी। दुर्वासा ऋषि एक बार इंद्रलोक गए, जहां देवराज इंद्र ने ऋषि दुर्वासा की खूब आवभगत की और अच्छे-अच्छे पकवान का भोग लगाया। इससे ऋषि दुर्वासा प्रसन्न हो गए और प्रभु नारायण से प्रसाद में मिली माला देवराज इंद्र को भेंट कर दी। देवराज इंद्र ने उस माला का मान नहीं किया





और अपने हाथी एरावत के गले में डाल दिया। ऐरावत ने माला तोड़कर पैर से कुचल दिया, जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि इंद्र श्रीविहीन हो गए और राजा बलि ने स्वर्ग पर आधिपत्य कर लिया। राजा बलि बहुत ही दानवीर और बलशाली थे, उनके यहां से कोई भी याचक खाली नहीं लौटता था। धीरे-धीरे राजा बलि ने अपने तप और बल के प्रभाव से तीनों लोक में राज्य स्थापित कर लिया। श्रीविहीन होकर सभी देवता भगवान नारायण के पास पहुंचे और उनसे पुनः श्री युक्त स्वर्ग करने की मांग रखी। इस पर भगवान विष्णु ने वामन रूप में राजा बलि के यहां पहुंचे। राजा बलि ने यज्ञ का अनुष्ठान किया था,वहां पहुंचकर उन्होंने तीन पग जमीन की मांग की। राजा बलि ने भगवान से कहा कि तीन पग जमीन से क्या होगा, तुम चाहो तो कुछ गांव मांग लो। इस पर भगवान वामन ने उनसे केवल तीन पग जमीन देने की मांग की। जैसे ही राजा बलि ने तीन पग भूमि देने का संकल्प लिया। वैसे ही भगवान ने अपना विराट स्वरूप धारण कर एक पग से पृथ्वी और दूसरे पग से आकाश नाप कर कहा कि तीसरा पग कहां रखूं। इस पर बाली ने अपने मस्तक आगे कर दिया। इस प्रकार बाली को प्रभु ने पाताल लोक का राज्य देकर देवताओं और मानव जाति का कल्याण किया। सुनैना चौहान व मोहल्लेवासियों द्वारा आयोजित भागवत कथा में श्रवण करने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और भक्ति संगीत के दौरान भगवत भक्ति में झूमते हुए गोते लगा रहे हैं।

---

# बिरकोनी स्कूल में छात्राओं को दी गई योग की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में छात्राओं को योग और प्राणायाम की जानकारी दी गई। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता श्रवण कुमार सिन्हा द्वारा अनुलोम विलोम, नाड़ी शोधन, सूर्यभेदन, उज्जायी, शीतली, कपाल भारती, भ्रामरी, शवासन, भुजंगाशन, धनुरासन, तड़ासन करने की विधि बताई गई और इसके नियमित करने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। चलने से सांस फूलना, हाथ पैर अकड़ना, सर दर्द आदि समस्याओं का निराकरण और पूर्ण रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग और प्राणायाम करना चाहिए। छात्राओं द्वारा करो योग रहो निरोग, योग अपनाएं रोग भगाएं के पोस्टर बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, सन्त राम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, रेणुका चंद्राकर, महेंद्र ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, जान्हवी पटेल, दुलारी, छात्राएं कमलेश्वरी ध्रुव, श्वेता शर्मा, गुंजा विश्वकर्मा, अंजलि विश्वकर्मा, मनीषा साहू, कंचन, तुषिता चंद्राकर, शेया टीकेदार, रागिनी साहू, सुमन साहू, लिलेश्वरी मंडलोई, सरस्वती साहू, जुली साहू, कमलेश्वरी साहू आदि उपस्थित रहे।



